प्रेस नोट **21/04/2025**

फर्जी ट्रेजरी आफिसर बन रिटायर्ड कर्मी से किये गये फ्राड 453000 (चार लाख तिरपन हजार) रुपये साइबर क्राइम थाना द्वारा कराया गया वापस–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों पर चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्री के पर्वेक्षण में क्षेत्राधिकारी नगर श्री अंजनी कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में साईबर पुलिस टीम द्वारा फर्जी ट्रेजरी आफिसर बन रिटायर्ड कर्मी से किये गये फ्राड मे मु0अ0सं0 42/2024 धारा 318(4),319(2) BNS व 66 C IT ACT साइबर क्राइम थाना जनपद मऊ पंजीकृत कर त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर क्राइम थाना जनपद मऊ टीम द्वारा कुल 453000 (चार लाख तिरपन हजार) रुपये को वादी के खाते मे पुनः वापस कराया गया।

- जागरुकता-
- किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करे।
- साइबर अपराधों से बचने के लिए, अपने पासवर्ड, पिन, पैटर्न, या बायोमेट्रिक जानकारी दूसरों को न दें.
- अपने मोबाइल और कंप्यूटर में ऐप्लिकेशन केवल विश्वसनीय स्रोतों से ही इंस्टॉल करें.
- फ़र्ज़ी सोशल मीडिया अकाउंट से सावधान रहें.
- अपने मोबाइल और कंप्यूटर की सर्विसिंग, मरम्मत, या बिक्री के लिए देते समय सावधान रहें.
- अगर आपको चाइल्ड पोर्नोग्राफ़ी या यौन अश्लील सामग्री जैसी कोई सामग्री मिलती है, तो इसकी रिपोर्ट करें.। यदि आप किसी फ्राड के शिकार हो गए हैं तो इसकी शिकायत आप अपने नजदीकी साइबर क्राइम थाना/सेल में तत्काल करें या https://www.cybercrime.gov.in/ पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें या 1930 पर साइबर क्राइम हेल्पलाइन से संपर्क कर भी शिकायत कर सकते है।

साइबर क्राइम थाना टीम-

प्रभारी निरीक्षक श्री हरेन्द्र यादव

आरक्षी अर्वेन्द्र प्रताप मिश्र

आरक्षी शशिकान्तमणि त्रिपाठी

आरक्षी अनूप यादव

01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 21.04.2025 को थाना कोपागंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर शहरोज बाईपास ओवरब्रिज के पास मु0अ0सं0 94/25 धारा 137(2), 87, 65(1) बीएनएस 3/4 (2) पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त रोहित राजभर पुत्र टिलठु राजभर निवासी इटौरा डोरीपुर थाना कोपागंज जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये जाने के क्रम में आज दिनांक 21.04.2025 थाना मुहम्मदाबाद में पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी द्वारा समीक्षा गोष्ठी (अर्दली रूम) किया गया , जिसमें सर्किल मुहम्मदाबाद के समस्त थानें (थाना मुहम्मदाबाद, रानीपुर व चिरैयाकोट) के अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस दौरान महोदय द्वारा पेंडिंग विवचनाओं की गहन समीक्षा कर विवेचकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा विभिन्न बिन्दुओं क्रमशः भूमि विवाद, साम्प्रदायिक विवादों के चिन्हीकरण एवं कृत कार्यवाही, भूमि विवादों के चिन्हीकरण एवं कृत कार्यवाही, लम्बित विवेचनाओं, सीएस/एफआर, गैंगेस्टर के वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, जनशिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण, अपराध कार्य प्रणाली ब्यूरो की प्रगति, टाप 10/सक्रिय अपराधियों इत्यादि के सम्बन्ध में गहन समीक्षा की गयी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही साथ महोदय द्वारा पूछताछ करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही साथ आगामी त्योहारों को लेकर शांति/सुरक्षा से विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा की गई तथा प्रत्येक छोटी-छोटी घटना को गम्भीरता से लेने तथा उसका निराकरण कराने, असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए, धार्मिक स्थलों के आस-पास चेकिंग पार्टी निकाल कर सतर्क दृष्टि रखी जाय, संवेदनशील स्थलों तथा धार्मिक स्थलों के आस-पास नियमित रुप से पैदल गस्त किये जाय, दंगा नियन्त्रण उपकरणों को तैयारी की हालत में रखें जाय, संवेदनशील स्थानों पर आवश्यकतानुसार विशेष नजर रखी जाय तथा जनता/जनप्रतिनिधियों के साथ व्यवहार अच्छा बनायें रखें। सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि बनाये रखे तथा आपत्तिजनक/भ्रामक पोस्टों पर विधिक कार्यवाही करते हुये समय से खण्डन किया जाय। यातायात नियमों के उल्लंघन, काली फिल्म, प्रेशर हार्न आदि के विरुद्ध चेकिंग करायी जाए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद श्री शीतला प्रसाद पाण्डेय, सर्किल मुहम्मदाबाद के समस्त थाना प्रभारी सहित थानें के समस्त उपनिरीक्षक उपस्थित रहे।

जनपद में शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 21.04.2025 सायंकाल पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी द्वारा क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद, प्रभारी निरीक्षक मुहम्मदाबाद, रानीपुर, चिरैयाकोट सहित भारी संख्या में जनपदीय पुलिस बल के साथ मऊ मुहम्मदाबाद क्षेत्र के संवेदनशील/मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों कस्बा मुहम्मदाबाद में रूट मार्च/पैदल गस्त कर शांति/सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति भरोसा दिलाया गया एवं अतिक्रमण आदि के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही साथ पूरे जनपद में क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में महत्वपूर्ण/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर रूट मार्च एवं पैदल गस्त किया जा रहा है।

सादर अवगत कराना है कि आज दिनांक 21.04.2025 को सुबह के समय लगभग 07 वजे दो पक्षों के बीच में जमीन विवाद को लेकर मार-पीट की घटना हो गई। जिसमें दोनों पक्षो द्वारा सरायलखन्सी थाने पर आकर तहरीर दिया गया, जिसमें तत्काल मु0अ0स0 167/25 मे धारा 3(5),110,115(2),352.351(2) बीएनएस में पंजीकृत कर लिया गया था तथा जो घायल थे वो अपना इलाज सदर अस्पताल मऊ मे करा रहे थे तथा इलाज

के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। तथा पूछ-ताछ के लिए दो लोगों हिरासत में लिया गया है । तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।